## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–25.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए कैबिनेट ने दी एकीकृत पेंशन योजना को मंजूरी, 25 साल तक नौकरी करने पर 50 फीसदी तक मिलेगा निश्चित पेंशन।

2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पूर्वाह्न 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ करेंगे अपने विचार साझा।
3. राज्य में मजदूरों को अब हर महीने मिलेगी चार दिनों की छुट्टी, साप्ताहिक विश्राम के दिन काम करने पर मिलेगा ओवर टाइम, श्रम विभाग ने जारी किया आदेश।
4. मॉनसून के मजबूत होने से राज्य भर में हो रही अच्छी बारिश, अगले दो दिन रांची, रामगढ़, हजारीबाग और बोकारो समेत अन्य जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट।

**************

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों के लिए युनिफाइड पेंशन स्कीम को स्वीकृति दी है जिसमें निश्चित पेंशन का प्रावधान किया गया है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद नई दिल्ली में बताया कि इस योजना के अंतर्गत 25 वर्ष तक की सेवा पूरी करने के बाद अंतिम 12 महीनों के मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन दिया जाएगा। इसके अलावा योजना में कर्मचारी के निधन के बाद परिवार पेंशन 60 प्रतिशत कर दी गई है। श्री वैष्णव ने कहा कि इस योजना से लगभग 23 लाख सरकारी कर्मचारियों को लाभ होगा। श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार नीति के लिए बायो ई–थ्री, जैव प्रौद्योगिकी नीति को स्वीकृति दी गई है।

**************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की प्रगति में सरकारी कर्मचारियों की योगदान की प्रशंसा की है। एकीकृत पेंशन योजना पर मंत्रिमंडल के निर्णय के बाद, सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना से सरकारी कर्मचारियों की मर्यादा और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि सरकार अपने कर्मचारियों के कल्याण और सुरक्षित भविष्य के प्रति संकल्पित है।

**************

सरकारी कर्मचारियों ने एकीकृत पेंशन योजना को मंज़ूरी देने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णय का स्वागत किया है जिसमें पेंशन की गारंटी दी गई है। कर्मचारियों ने इस मुद्दे पर मुलाक़ात का अवसर देने के लिए भी प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया है। सरकारी कर्मी संगठन के संयुक्त सचिव शिव गोपाल मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री ने उन्हें मुलाक़ात के लिए आमंत्रित किया था। श्री मिश्र ने कहा कि यह पहला मौक़ा था, जब प्रधानमंत्री ने संगठन को आमंत्रित किया।

**************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पूर्वाह्न ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम की यह 113वीं कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए. आई. आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी प्रादेशिक भाषाओं में भी इसका प्रसारण करेगा।

**************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि महिला पुलिस अधिकारियों को भी अब थाना प्रभारी के रूप में पदस्थापित किया जाएगा। श्री सोरेन ने कहा कि कार्यपालिका और समाज के अंदर महिला पुलिस की अहम भूमिका होती है। मुख्यमंत्री रांची के डोरंडा में आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से महिला पुलिस के हक–अधिकार, उचित मांगों और समस्याओं के निराकरण से कई आवश्यक सुझाव आए हैं जिस पर सरकार विचार करेगी।

**************

राज्य में मजदूरों को अब हर महीने चार दिनों की छुट्टी मिलेगी। इसके बदले में उनकी मजदूरी नहीं काटी जाएगी। नियोक्ताओं को 26 दिनों के कार्य के बदले श्रमिक को महीने भर की मजदूरी का भुगतान अनिवार्य रूप से करना होगा। श्रम विभाग ने इस सम्बन्ध में आदेश जारी कर दिया है। इसके तहत सप्ताह में एक दिन मजदूरों के लिए भी विश्राम का दिन होगा। साप्ताहिक विश्राम के दिन काम करने मजदूर को ओवर टाइम भी देना होगा। श्रम विभाग ने कौशल के मुताबिक एक दिन के लिए न्यूनतम मजदूरी तीन सौ बावन रुपये और अधिकतम सात सौ छियालीस रुपये तय की है।

**************

झारखण्ड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को बाल न्याय मंडल (जेजे बोर्ड), बाल कल्याण समिति (सीडब्लूसी) और राज्य बाल संरक्षण आयोग के रिक्त पदों को एक महीने के भीतर भरने के निर्देश दिए हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने यह भी निर्देश दिया कि राज्य सरकार शपथ पत्र के माध्यम से न्यायलय को पूरी जानकारी दे। इस मामले की अगली सुनवाई अब 23 सितम्बर को होगी।

**************

रांची के एक फैशन डिजायनर ने खादी से बने झारखंड के परंपरागत पहनावों को नयी नजर दी है।

**************

राज्य में मानसून के मजबूत होने से अच्छी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने बताया कि पिछले 24 घंटों में औसत से तीन गुना अधिक बारिश दर्ज की गयी है, जिससे मानसून की स्थिति में काफी सुधार आया है। विभाग ने अगले दो दिन भी पूरे राज्य में बारिश होने की संभावना जताई है। इस दौरान रांची, रामगढ़, हजारीबाग और बोकारो समेत अन्य जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

**************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने केंद्रीय कर्मचारियों को नई पेंशन की गारंटी से संबंधित खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–एनपीएस के विरोध और पुरानी पेंशन योजना की बढ़ती मांग के बीच यूनिफाइड पेंशन योजना को मंजूरी, तेईस लाख कर्मचारियों को होगा फायदा।

हिन्दुस्तान ने लिखा है–झारखंड में मंकी पॉक्स को लेकर एहतियात के तौर पर अलर्ट जारी।

दैनिक जागरण लिखता है–मार्च दो हजार छब्बीस तक नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा देश।

प्रभात खबर की सुर्खी है–रांची में आक्रोश रैली निकालने के बाद भाजपा नेता और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा अैर अमर कुमार बाउरी समेत एक्यावन नेताओं पर केस दर्ज।

संडे टाइम्स ने पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के उस बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है जिसमें उन्होंने कहा है–नई यात्रा की शुरूआत कर रहा हूं, जनता का सहयोग चाहिये।

******समाप्त*********